तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 15 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 30 अक्टूबर , 2025



12 लड़ाकू विमान में उड़ान भरना अविस्मरणीय अनुभव : मुर्मू





12 चिकित्सकों ने 220 विद्यार्थियों के दांतों की जांच की




## खबर संक्षेप

### युवक ने सात वर्षीय बच्चे के साथ किया कुकर्म

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र में एक युवक ने सात वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म किया। पुलिस ने बच्चे के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। रादौर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि 25 अक्टूबर को रात आठ बजे उसका सात वर्षीय लड़का घर के बाहर खेल रहा था। उनके पड़ोस में रहने वाला ललित उसके लड़के को बहला फुसलाकर अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया। जहां आरोपी ने उसके लड़के के साथ गलत काम किया। काफी देर तक जब उसका लड़का घर नहीं पहुंचा तो वह लड़के की तलाश में जुट गए। इस दौरान उन्होंने घर से कुछ दूरी पर अपना लड़का मिला। पूछताछ करने पर उसके लड़के ने घटना के बारे में बताया।

### श्री गुरु रविदास आश्रम में सत्संग समागम 4 को

**मुलाना।** मुलाना-टंगैल रोड स्थित श्री गुरु रविदास आश्रम में विशाल संत समागम आगामी 4 नवंबर को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। आश्रम के मुख्य सेवादार महंत लक्ष्मीप्रकाश महाराज ने बताया कि श्री गुरु रविदास आश्रम बह्मलीन महंत श्री सतगुरू बचन दास चेरिटेबल सोसायटी टंगैल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में संतजन अपने आशीर्वचन देंगे। साथ ही कीर्तन जत्थे गुरु रविदास महिमा का बखान करेंगे। इस अवसर पर श्री गुरु रविदास जी महाराज की वाणी का प्रचार प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर मदन सिंह, सुरेंद्र, फूलचंद, मेहरचंद, दर्शन लाल, कृष्ण लाल, फकीर चंद, सन्नी मौजूद रहे।

### सड़क किनारे रखे सामान को किया जब्त

**अंबाला।** अंबाला छावनी बस अड्डे के बाहर बिगड़ रही सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर परिषद ने दोबारा अभियान शुरू किया है। शाम को नगर परिषद की टीम बस अड्डे के बाहर पहुंची और सड़क किनारे रखे सामान को जब्त कर लिया। इसमें लोहे की जालियां, पुरानी व कंडम रेहड़ियों सहित बैनर आदि थे। कार्रवाई के दौरान नगर परिषद के मुख्य सफाई निरीक्षक सुनील दत्त ने साफ-सफाई को लेकर दुकानदारों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानदार अपनी दुकानों व रेहड़ी संचालक अपने कचरे को निर्धारित जगह पर फेंकेंगे। अगर उनके आसपास कूड़ा-करकट नजर आएगा तो निगम जुर्माना तो लगाएगा ही, उनका सामान भी जब्त करेगा।

### नहीं सुधर रही ट्विन सिटी की हवा

**अंबाला।** दिवाली के बाद से ट्विन सिटी की हवा में निरंतर प्रदूषण का स्तर नजर आ रहा है। हालांकि दो दिन तक एक्यूआई 300 पार रहा लेकिन बुधवार को इसमें थोड़ी गिरावट नजर आई। शाम तक एक्यूआई 163 दर्ज किया गया। हालांकि रविवार को यह एक्यूआई 127 पर पहुंच गया था और अब फिर एक्यूआई दोबारा बढ़ गया है। इस वजह से प्रदूषण के कारण हवा बेहद खराब हो गई है। शाम को धुंध नजर आई। वहीं, अंबाला में एक्यूआई मापने के लिए एक ही यंत्र शहर के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के ऊपर लगा है। यह यंत्र भी पिछले वर्ष अक्तूबर के बाद अब सप्ताहभर पहले ही ठीक किया गया है। इसको लेकर दूसरा एक्यूआई यंत्र लगाने के लिए निर्देश दिए गए।

### ललित कला के चरणों पर डाला प्रकाश

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में कुलपति प्रो रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में युवा एवं संस्कृति विभाग द्वारा साहित्यिक एवं ललित कला पर तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों को साहित्य एवं ललित कला के महत्वपूर्ण चरणों पर प्रकाश डाला गया। कलाकारों और विशेषज्ञों ने अपनी विशेषज्ञता सांझा की।

कुरुक्षेत्र विवि में रत्नावली महोत्सव का दूसरा दिन

# मैं तो करके नै हार श्रृंगार गई साजन के पास...

*रत्नावली में घूमा हरियाणवी घाघरा, सोलो डांस फीमेल प्रतियोगिता में छात्राओं ने बांधा समा, दर्शकों ने युवा कलाकारों का बढ़ाया हौसला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मैं तो करके नै हार श्रृंगार, गई सजन के पास......, सपना दैख्या मैने मेरी सगाई थी, टोकनी पीत्तल की मैं तो पानी भरण ने आई आदि लोक गीतों पर रत्नावली महोत्सव में हरियाणवी घाघरा खूब घूमा। तालियों की गड़गड़ाहट के साथ दर्शकों ने युवा कलाकारों का हौंसला बढ़ाया।

- सोलो डांस फीमेल प्रतियोगिता का आयोजन

रत्नावली उत्सव के दूसरे आडिटोरियम हॉल में सोलो डांस फीमेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भिन्न-भिन्न कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरूआत पहली प्रतिभागी टीम चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद ने चाल पड़ी पनहारी पानी लेवन से हुई। इसके बाद गुरुनानक गर्ल्स, कॉलेज, यमुनानगर की छात्रा ने चाल्ला री मेरा बालम चाल्ला री पर अपनी अद्भुत लयबद्ध प्रस्तुति से मंच को जीवंत कर दिया।

एनआईएलएम यूनिवर्सिटी कैथल की प्रस्तुति मैं छम-छम करती ऐ छोरे नांचू गाउंगी ने जोश भर दिया। एमडीएसडी कॉलेज अम्बाला की प्रस्तुति ना जा पिया तू ना जा रही। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की प्रस्तुति मैं तो करके ने हार श्रृंगार गई सजन के पास पर पारंपरिक हरियाणवी दुल्हन के रूप में मनमोहक नृत्य पेश किया गया।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत ने सपना देख्या मैने मेरी सगाई पर प्रस्तुति दी। युवा कलाकारों द्वारा हरियाणवी लोक गीतों पर दी गई प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। रत्नावली समारोह में दूसरे दिन सोलो डांस प्रतियोगिता आकर्षण का केन्द्र रही।





**कुरुक्षेत्र।** सोलो डांस की प्रस्तुति देती छात्रा। फोटो : हरिभूमि



**कुरुक्षेत्र।** डांस की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### आज के कार्यक्रम

तीसरे दिन 30 अक्टूबर को ऑडिटोरियम हॉल में हरियाणवी चौपाल, ग्रुप डांस रसिया व संगीत संध्या, आरके सदन में हरियाणवी फोक इंस्ट्रुमेंटल सोलो, हरियाणवी वन एक्ट प्ले, मोनो एक्टिंग, ओपन एयर थियेटर में ग्रुप सोंग हरियाणवी, सीनेट हॉल में कविता व हरियाणवी क्विज (फाइनल), खुले मंच पर सांग कंपटीशन स्टूडेंट्स के लिए आयोजित होंगी तथा क्रश हॉल में ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता व पेंटिंग प्रदर्शनी प्रदर्शित की जाएगी।

### हरियाणवी भजन में करनाल ने मारी बाजी

*युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि हरियाणवी भजन प्रतियोगिता में गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरा स्थान आर्य (पीजी) कॉलेज, पानीपत को प्राप्त हुआ। हरियाणवी पगड़ी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पारंपरिक पगड़ी बांधने की कला का शानदार प्रदर्शन किया। इसमें प्रथम स्थान आर.के.एस.डी. (पीजी) कॉलेज, कैथल, दूसरा स्थान गवर्नमेंट कॉलेज जींद तथा तीसरा स्थान गवर्नमेंट कॉलेज छछरौली, यमुनानगर ने हासिल किया। हरियाणवी रीति-रिवाज प्रतियोगिता में आरकेएसडी पीजी कॉलेज कैथल ने प्रथम, एसडी पीजी कॉलेज पानीपत ने दूसरा तथा राजीव गांधी महाविद्यालय, उचाना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हरियाणा के देसी व्यंजनों की पारंपरिक खुशबू ने भी दर्शकों को आकर्षित किया।*

### कुलपति ने किया अपने गुरु को सम्मानित

*रत्नावली हरियाणा दिवस उत्सव-2025 के दूसरे दिन ऑडिटोरियम हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अपने शिक्षक डॉ. बी.के. कौशिक को सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की नजर दर्शक दीर्घा में बैठे एनआईटी के फिजिक्स विभाग से सेवानिवृत्त अपने शिक्षक डॉ. बी.के.कौशिक पर पड़ी तो वे तुरंत उनके पास गए और उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्हें रत्नावली के मंच पर उन्हें विधिवत्त रूप से सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन ललित बतरा व चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ति धमाणी से उनका परिचय करवाया और अपने विद्यार्थी जीवन की यादें ताजा की।*

### रत्नावली उत्सव हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक : बतरा

**कुरुक्षेत्र।** रत्नावली उत्सव हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जो हमारी रचनाशीलता, परंपराओं और उस कलात्मक भावना को उजागर करता है जो हरियाणा और उसके लोगों की पहचान बनाती है। परंतु रत्नावली केवल कला का उत्सव नहीं है यह मानव गरिमा, पहचान और अधिकारों का भी उत्सव है। यह विचार हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चैयरमेन व पूर्व न्यायाधीश ललित बतरा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। समारोह में पहुंचने पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इससे पहले ललित बतरा ने हस्तशिल्प मेले का अवलोकन किया और मेले में आए स्कूली छात्रों से बातचीत कर उनके उत्साह को बढ़ाया। यहाँ प्रस्तुत हर नृत्य, गीत, नाटक और चित्रकला हमारी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संस्कृति के अधिकार, और सांस्कृतिक जीवन में समान भागीदारी के अधिकार का प्रतीक है जो न केवल मानव अधिकारों की सर्वव्यापी घोषणा (अनुच्छेद 27) में निहित हैं, बल्कि हमारे भारतीय संविधान द्वारा भी संरक्षित हैं।



पूर्व न्यायाधीश ललित बतरा को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति

### संस्कृति के संरक्षण का काम कर रहा 'रत्नावली' : धमाणी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह में दूसरे दिन बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर आई चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ति धमाणी ने कहा कि रत्नावली हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण का काम कर रही है। इसके लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा बधाई के पात्र हैं। रत्नावली ने विस्तार रूप ले लिया है। 34 विधाओं को पुर्नजीवित कर युवा पीढ़ी को अपनी प्राचीन धरोहर व संस्कृति से परिचय करवाने का कार्य कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है। रत्नावली समारोह मात्र मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि यह युवाओं को संस्कार देने के साथ उन्हें एक ऐसा मंच भी प्रदान कर रहे हैं जिसके द्वारा युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। समारोह में पंहुचने पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने अभिनंदन किया। इससे पूर्व उन्होंने हस्तशिल्प मेले का अवलोकन किया और मेले में मौजूद सभी स्टालों का निरीक्षण करते हुए छात्रों से विस्तार से उनके उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ-साथ उन्होंने हरियाणवील्प मेले का अवलोकन किया और मेले में मौजूद सभी स्टालों का निरीक्षण करते हुए छात्रों से विस्तार से उनके उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ-साथ उन्होंने हरियाणवी व्यंजनों का भी स्वाद चखा। उन्होंने सभागार में युवा कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं है यह हमें शारीरिक, सांस, मन, बुद्धि और अध्यात्म से प्राप्त होती है। हमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।



### अपनी मातृभाषा में बात करने पर करें गर्व : प्रो. सुदेश छिकारा

**कुरुक्षेत्र।** अपनी मातृ भाषा बोलने से हमें सबल मिलता है। हम अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं। अपनी मातृभाषा में बात करने पर हमें गर्व होना चाहिए। यह विचार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां सोनीपत की कुलपति प्रो. सुदेश छिकारा ने रत्नावली महोत्सव के दूसरे दिन सांय के सत्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। इससे पहले कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने प्रो. सुदेश छिकारा, आरएसएस के प्रांत सह-प्रचारक विक्रांत, जिला प्रचारक विकास, आरएसएस के जिला प्रचार प्रमुख प्रदीप का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनंदन किया। प्रो. सुदेश छिकारा ने कहा कि रत्नावली महोत्सव के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। रत्नावली की भव्यता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में रत्नावली के माध्यम से हरियाणवी बोली को भाषा बनाने के सार्थक प्रयास किए जा रहे है। युवा पीढ़ी को नशे की लत तथा डिजीटल दुनिया से दूर रहने में रत्नावली सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि युवा अपनी मातृभाषा में बात व कार्य करें। उसके अलावा हिंदी, अंग्रेजी, स्पेनिश, जर्मनी व अन्य भाषाओं को सीखे क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने के लिए भाषाओं का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने हस्तशिल्प मेले का अवलोकन किया और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आत्मनिर्भर व स्वावलंबी भारत की थीम पर आधारित हस्तशिल्प मेले की खुले कंठ से प्रशंसा की।

मंच का संचालन युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, आरएसएस के प्रांत सह-प्रचारक विक्रांत, विकास, प्रचार प्रमुख प्रदीप, सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल, उप-निदेशक डॉ. सलोनी दिवान, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. सुशील टाया मौजूद थे।



**कुरुक्षेत्र।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश छिकारा को स्मृति चिह्न भेंट करते कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

## माही हत्याकांड के आरोपी का रिमांड खत्म

- पीड़िता का आरोप, नशीली चीज पिलाकर बनाया अश्लील वीडियो, फिर किया यौन शोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

किशोरी माही हत्याकांड की जांच में अब एक ओर पीडिता ने अपने ब्यान दर्ज करवाएं हैं। उसने आरोपी सचिन पर गंभीर आरोप लगाए है। आरोपी का रिमांड समाप्त हो रहा है। वीरवार को उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस ने बुधवार को कई अहम गवाहों और संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए। इनमें साढ़ौरा की रहने वाली एक पीड़िता ने पुलिस को दिए ब्यान में बताया कि सचिन उनके गांव में अपनी बहन के यहां आता था। उसने एक दिन चाय में नशा मिलाकर उसे पिलाया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसे दिखाकर वह उसे ब्लैकमेल करने लग गया। इसके चलते वह उसके साथ रहने लगी। महिला ने सचिन पर उससे जबरन शारीरिक शोषण किए जाने के भी आरोप लगाए हैं। महिला ने बताया कि इस दौरान एक दिन सचिन नशे की हालत में आया और उसे धमकी दी कि उसने माही को मार दिया है। तुझे भी मार दूंगा। इसके बाद पीडिता ओर डर गई।

### पंचकूला में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि एक नवंबर को हरियाणा दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पंचकूला में किया जाएगा। इसमें कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा एक से तीन नवंबर तक यवनिका गार्डन सेक्टर 5 पंचकूला में हरियाणवी फोक सोंगधानी तथा हरियाणवी लोक नृत्य समूह प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

## मंदिर सेवामंडल के अध्यक्ष के साथ 19 लाख की धोखाधड़ी

**कुरुक्षेत्र।** साइबर ठग ने हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर के सेवामंडल के अध्यक्ष के साथ 19 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। साइबर ठग महिला ने भाभी बनकर विदेशी नंबर से कॉल की थी। उसने पति की हालत सीरियस बताई और मदद के लिए पैसे मांगे। शहर के शिवाजी वाली गली के नरेंद्र वालिया ने थाना साइबर क्राइम में बयान दिए कि वे नगर परिषद में ठेकेदार थे। करीब डेढ़ साल पहले काम छोड़ दिया था, अब वे भद्राकाली मंदिर में सेवामंडल के प्रधान है। कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर वॉट्सऐप कॉल आई। कॉल करने वाली खुद को उनकी बुआ के बेटे की पत्नी शालू देहरादून हाल निवासी ऑस्ट्रेलिया बता रही थी। उसने घबराई आवाज में कहा कि उनके भाई सुरेश कुमार का एक्सीडेंट हो गया। उसका पति अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है। उनके इलाज के लिए 30 लाख रुपए की जरूरत है। उनको लगा कि ये उनकी भाभी शालू है। भरोसा करके उन्होंने भेजे अकाउंट में फळऋ्रर के जरिए पैसे ट्रांसफर करने शुरू कर दिए। 7 दिनों उन्होंने कुल 19 लाख रुपए उनके अकाउंट में डाल दिए। बाद में उन्होंने पता किया, तो उसका भाई बिल्कुल ठीकठाक मिला। नरेंद्र वालिया ने बताया कि उनकी बुआ का लड़का सुरेश कुमार आर्मी से कर्नल रिटायर्ड हैं। वे देहरादून में रहते हैं और उनका बेटा ऑस्ट्रेलिया है। उनके पास विदेश नंबर से कॉल आई थी, इसलिए उन्हें लगा कि यह कॉल उनकी भाभी ने की है। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नकाबपोश बदमाशों ने 40 राउंड गोलियां चलाईं

# करनाल में म्यूजिक कंपनी पर फायरिंग

- एसपी गंगाराम पूनिया बोले , चार टीमें मामले की जांच में जुटीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में बुधवार सुबह तड़के एक सनसनीखेज वारदात में बाइक सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने एक म्यूजिक कंपनी के ऑफिस पर करीब 40 राउंड फायरिंग कर दी। यह घटना सुबह लगभग 4:30 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है।

गोलियां ऑफिस की दीवारों और शीशों पर लगीं, जिससे पूरी इमारत में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही एसपी गंगाराम पूनिया, डीएसपी राजीव, सदर थाना प्रभारी तरसेम सिंह तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुँची। कंपनी के मालिक सिमरनजीत सिंह ने बताया कि उनका ऑफिस अल्फा सिटी करनाल में "यूनिसिस इंफोसॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड" नाम से है। सिक्योरिटी गार्ड सतविंद्र सिंह ने फोन पर उन्हें फायरिंग की सूचना दी। पुलिस को मौके से गोलियों के कई खोल मिले हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। अल्फा सिटी के एंट्री और एग्जिट गेट पर गार्ड तैनात रहते हैं, परन्तु पीछे के हिस्से में बलड़ी गांव की दिशा खुली होने के कारण बदमाश उसी रास्ते से आए और फरार हो गए।



**करनाल।** म्यूजिक कंपनी के ऑफिस पर की गई ताबड़तोड़ गोलियों के निशान। *फोटो : हरिभूमि*

### गैंगस्टर दीपक नांदल का नाम जुड़ा बताया

सोशल मीडिया पर एक कथित 3.5 करोड़ रुपये के एग्रीमेंट की पोस्ट सामने आई है, जिसमें गैंगस्टर दीपक नांदल का नाम जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। एसपी गंगाराम पूनिया ने बताया कि जांच के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गई हैं। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शिकायतकर्ता ने किसी फिरौती या विवाद से इनकार किया है, फिर भी सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### मल्टी आर्ट कल्चरल सेंटर में युवा महोत्सव 3 नवंबर से

**कुरुक्षेत्र।** युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा द्वारा जिला कुरूक्षेत्र में 3 व 4 नवंबर 2025 को एक युवा महोत्सव का आयोजन मल्टी आर्ट क्लचरल सैटर में आयोजित किया जाएगा जिसमें जिला के 15 से 29 आयु तक के युवक-युवतियां अलग-अलग विधाओं में भाग ले सकते है।

जिला युवा समन्वयक अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुरूक्षेत्र जगमोहन ने बताया कि केवल कुरुक्षेत्र जिला के युवक-युवतियां ग्रुप लोक नृत्य, कहानी लेखन, कविता लेखन, विज्ञान प्रदर्शनी, वाद्य यंत्र तथा पेंटिंग आदि में भाग ले सकते है। प्रधानाचार्य ने बताया कि इन अलग-अलग विधाओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागी इस संस्थान में आकर दसवीं प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बैंक अकाउंट की प्रति व एक पासपोर्ट फोटो साथ लाकर फार्म भरकर मौके पर ही रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## एक नवंबर से शुरू होगी ऑनलाइन रजिस्ट्री

- ऑनलाइन ही सरकारी खजाने में जमा होंगी स्टांप फीस , क्लर्कों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एक नवंबर से रजिस्ट्री ऑनलाइन होगी। प्रॉपर्टी खरीदने के लिए पोर्टल पर जमीन से जुड़े दस्तावेज अपलोड करने होंगे। इसके बाद स्टांप फीस ऑनलाइन ही सरकारी खजाने में जमा की जा सकेगी। ये प्रक्रिया पूरी होते ही तहसीलदार के लॉग इन में दिखना शुरू हो जाएगा। 4 दिन के अंदर रजिस्ट्री क्लर्क को दस्तावेज चेक करने होंगे। इसके बाद भी अगर कोई कमी होगी तो तहसील द्वारा रजिस्ट्री कराने वालों को तुरंत सूचित करना होगा।

आवेदन करने के 4 दिन के अंदर यदि तहसीलदार ने रजिस्ट्री नहीं की तो अगले दिन वह रजिस्ट्री डीआरओ के पोर्टल पर ट्रांसफर कर दी जाएगी। अगर डीआरओ ने भी नहीं किया तो वह टोकन एसडीएम के पास ट्रांसफर हो जाएगा।

### पोर्टल पर अपलोड करने होंगे दस्तावेज

जिले की तहसीलों में पेपरलेस रजिस्ट्री के लिए सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन का कार्य पूरा हो गया है। नई व्यवस्था के तहत खरीदार और विक्रेता अपने घर से ही ऑनलाइन पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड कर निर्धारित तिथि पर तहसील में फोटो खिंचवाकर कुछ ही मिनटों में रजिस्ट्री प्राप्त कर सकेंगे। तहसीलदारों को रजिस्ट्री स्वीकार या अस्वीकार करने की समय सीमा तय की गई है, जिसका रिकॉर्ड सीएम विंडो की तरह ऑनलाइन दर्ज होगा। इस प्रणाली का उद्देश्य तहसीलों में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगाना है।

## खबर संक्षेप

### धान खरीद में हजारों करोड़ के घोटाले का आरोप



करनाल। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने हरियाणा की मंडियों में धान खरीद प्रक्रिया में बड़े घोटाले के आरोप लगाए हैं। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने दावा किया कि यह घोटाला तीन से चार हजार करोड़ रुपए तक का हो सकता है, जिसमें राइस मिलर, खरीद एजेंसी और मार्केट कमेटी के अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने 10 से 11 हजार करोड़ रुपए धान खरीद के लिए जारी किए, जिनमें से लगभग 30 से 40 प्रतिशत राशि अधिकारियों द्वारा हड़पी गई है।

### सरदार पटेल की जयंती पर निकलेगी एकता यात्रा

**करनाल।** भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 2 नवम्बर को पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मेरा युवा भारत की उप निदेशक सुरमयी शर्मा ने बताया कि पदयात्रा का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे एनडीआरआई चौक से होगा और यह कर्ण लेक पर समाप्त होगी। कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री एवं करनाल लोकसभा सांसद मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### गोशाला तरावड़ी मे गोपाष्टमी का पर्व आज

**तरावड़ी।** हर बार की भांति इस साल भी शांतिवन गोपाल गौशाला तरावड़ी मे गोपाष्टमी का पावन पर्व वीरवार को बड़े श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए शांतिवन गोपाल गौशाला के अध्यक्ष राकेश गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी अद्वैत स्वरूप जी के सानिध्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विधायक भगवानदास कबीरपंथी व डबल चाबी बासमती चावल के सीएमडी बृजभूषण गोयल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## विधायक ने किया सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ

# सुविधा: 22 लाख रुपये की लागत से बनेगी पक्की सड़क

- तरावड़ी के वार्ड नंबर -10 में शुरू हुआ पक्की सड़क का कार्य
- वार्ड में जल्द शुरू होंगे पक्की नालियों के निर्माण

तरावड़ी में कई और विकास परियोजनाओं का एस्टीमेट तैयार हो चुका है, जिनका कार्य भी शीघ्र शुरू किया जाएगा। लोगों की सुविधा के लिए शहर के कोने-कोने में होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी शहर के विकास को नई दिशा देते हुए विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने आज तरावड़ी के वार्ड नंबर 10 में 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, सचिव अजीत कुमार सहित अधिकत पार्षद एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि तरावड़ी नगर में विकास कार्यों की गंगा बह रही है। नगर पालिका प्रशासन की ओर से शहर के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की लागत से सड़कों, नालियों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण कार्य तेजी से करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर दस में बनने वाली यह सड़क लोगों को बरसात के दिनों में मिलने वाली परेशानी से निजात दिलाएगी और आवागमन को सुगम बनाएगी। उन्होंने बताया कि



तरावड़ी। सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुये विधायक भगवान दास कबीरपंथी व नगर पार्षद।

### वार्ड के लोगों ने जताया विधायक का आभार

इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने विधायक भगवान दास कबीरपंथी और नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क के निर्माण से उन्हें लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका सचिव अजीत कुमार, अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, मार्केट कमेटी चेयरमैन रणदीप चौधरी, मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, राकेश गर्ग, पार्षद विक्रम चौधरी, लखविंदर सिंह ढिल्लों, ओम प्रकाश मल्होत्रा , नरेश गाबा, संयोगिता गुप्ता तरावड़ी मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल, रंजीत भारद्वाज ,भूपेंद्र राणा, दीपा चौधरी, पीके भारद्वाज,गणमान्य लोग व भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# शहर की सड़कों व लाइटों को लेकर एडीसी ने ली बैठक

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में 37 हजार से अधिक चालान की रिपोर्ट पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर के मध्य निर्माणाधीन पुल के नीचे सड़क पर बने गड्ढों को मिट्टी से भरवाकर नियमित निगरानी रखी जाए ताकि वाहन चालकों को परेशानी न हो। उन्होंने बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को भी चालू करने के निर्देश दिए। एडीसी जिला सचिवालय में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। फोटो। 5616




करनाल। बैठक में शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश देते एडीसी।

### बिजली के तारों को ऊपर उठाने के कार्य जल्द होगा शुरू

बैठक में पीडब्ल्यूडी डिवीजन नंबर दो के एक्सईएन ने बताया कि अराईपुरा रोड पर बिजली तारों को ऊपर उठाने के लिए एक करोड़ 20 लाख रुपये का अनुमान सरकार को भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही राशि बीबीएमबी को जमा कराई जाएगी। बैठक में बताया गया कि पुलिस विभाग ने सितंबर माह में 37,052 चालान कर 80 लाख 23 हजार 700 रुपये का जुर्माना वसूला। इनमें ओवरस्पीड, बिना हेलमेट, नशे में ड्राइविंग और लालबत्ती उल्लंघन जैसे प्रकरण प्रमुख रहे। आरटीए विभाग ने 258 चालान कर 1.27 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, जबकि आईडीटीआर ने 665 चालकों को प्रशिक्षण दिया। बैठक में एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, एसडीएम असंध राहुल, आरटीए विजय देशवाल, सीएमओ डा. पूनम चौधरी, जीएम रोडवेज कुलदीप, आईआरएडी स्वाति गुप्ता, समिति सदस्य संदीप लाठर आदि रहे।

### डॉ. गणेश दास महिला शिक्षण महाविद्यालय में हवन प्रतियोगिता का आयोजन



हवन प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी व शिक्षक।

**करनाल।** डॉ. गणेश दास महिला शिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को हवन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने विधिवत रूप से यज्ञ संपन्न किया और वैदिक मंत्रों के उच्चारण से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राकेश संधू ने बताया कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं में भारतीय संस्कृति, संस्कार और अध्यात्म के प्रति जुड़ाव बढ़ता है। उन्होंने छात्राओं के उत्साह व अनुशासन की सराहना की। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### रोटरी क्लब ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे जूते और बैग

**करनाल।** रोटरी क्लब करनाल द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत गांव उचाना स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के जरूरतमंद विद्यार्थियों को जूते, मोजे और स्कूल बैग वितरित किए गए। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन गौतम जैन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में 100 जोड़ी जूते-मोजे और 26 स्कूल बैग वितरित किए गए, साथ ही 10 मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। रोटेरियन डॉ. पी.के. जैन और डॉ. विक्रम मित्तल ने रोटरी के वैश्विक जनहित कार्यों—जैसे पोलियो उन्मूलन, थैलसीमिया पीड़ित बच्चों हेतु रक्तदान, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कृत्रिम अंग उपलब्धता, स्कूलों में कंप्यूटर व सोलर लाइट्स की व्यवस्था, छात्रवृत्ति, वृद्धाश्रमों व गौशालाओं को सहायता—के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अरुण सूद ने शीत ऋतु में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर डॉ. डी.डी. शर्मा, ईश्वर बहल, ब्रिज गर्ग और नरेंद्र गोयल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्राचार्य सुश्री सुनीता, अंजना और रचना द्वारा रोटरी क्लब के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# 39वीं जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में करनाल के स्केटर्स का जलवा

- पंचकूला स्टेट चैंपियनशिप के लिए चयन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



सेंट थेरेसा कॉन्वेंट स्कूल में 39वीं जिला करनाल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का शानदार आगाज़ हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के 115 स्केटर्स ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन का संचालन स्केटिंग कोच संजय गोयल, टैगोर स्कूल के कोच पंकज बत्तरा, कर्ण स्टेडियम के कोच हरप्रीत सिंह, दिल्ली पब्लिक स्कूल की कोच रेखा और जिला स्केटिंग संघ के सचिव जजपाल सिंह ने किया। कोच संजय गोयल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से पांच से आठ नवंबर तक पंचकूला में होने वाली हरियाणा स्टेट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए करनाल टीम का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के पहले दिन क्वार्ड और इनलाइन रेस के विभिन्न आयु वर्गों में हुए मुकाबलों में स्केटर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-6 आयु वर्ग में अनंत देव सेठी ने दो गोल्ड मेडल जीतकर सबका ध्यान खींचा, जबकि परीशा अग्रवाल, श्रियन गुप्ता, कृतिका, आर्ने, अदविक, राध्या सेठी, परणिका, युवराज, देवांश, पार्थ चौहान, हेजल, नमन और सिमरण जैसे खिलाड़ियों ने भी दो-दो स्वर्ण पदक जीतकर जिला का नाम रोशन किया।




### आर्य समाज और वैदिक मूल्यों डीएवी कालेज में कार्यक्रम

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्यरत्न डॉ. पूनम सूरी (प्रधान, आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा), योगी सूरी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आर्य युवा समाज) तथा प्राचार्या डॉ. मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में वैदिक संस्कार पुण्य मास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्य युवती परिषद् और छात्रावास समिति के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता और भजन संध्या आयोजित हुई, जिसका विषय रहा — "आर्य समाज और वैदिक मूल्य"। उपप्राचार्या डॉ. मंजू सिंह ने योगी सूरी को जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि आर्य समाज का नारी शिक्षा में योगदान अमूल्य है। अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. सुनीत भंडारी ने छात्राओं को वैदिक सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा दी। भाषण प्रतियोगिता में ललित (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्रथम, अकालजोत ने द्वितीय, नवप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि जेसिका और लवली को सांत्वना पुरस्कार मिला। नारा लेखन प्रतियोगिता में रजनी कौशिक और जेसिका ने प्रथम स्थान, काजल और कोमल ने द्वितीय तथा अकालजोत और नवप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अनुराधा नागिया, डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. सुनीता सलारिया और डॉ. सीमा रानी का विशेष योगदान रहा।

# श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हॉस्पिटल में अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का शुभारंभ

- शुभारंभ विधायक एवं हरियाणा भाजपा विधायक रामकुमार कश्यप ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



क्षेत्रवासियों को कम दाम पर बेहतरीन जांच और उपचार सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इन्द्री रोड स्थित श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हॉस्पिटल ने अपनी सेवाओं का विस्तार किया है। इसी कड़ी में अस्पताल में अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन की स्थापना की गई है। उक्त सुविधा का शुभारंभ तपोमूर्ति माता महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज के विशेष मंगलपाठ के साथ क्षेत्रीय विधायक एवं हरियाणा भाजपा विधायक दल के मुख्य सचेतक रामकुमार कश्यप ने किया। कार्यक्रम के दौरान सभी चिकित्सक, पैरामैडिकल स्टाफ, मानव संसाधन निदेशिका साध्वी जागृति और अस्पताल प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहे।

अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इस मशीन के संचालन के लिए उच्च प्रशिक्षित रेडियोलॉजिस्ट डॉ. रजत गोयल के निर्देशन में अनुभवी तकनीशियन सेवाएं देंगे। अस्पताल में मंगलवार और शनिवार को सीटी स्कैन जांच पर विशेष छूट दी जाएगी, जबकि शेष कार्यदिवसों में भी सामान्य छूट का लाभ सभी रोगियों को मिलेगा। यह पहल क्षेत्र के नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



करनाल। प्रकाश पर्व की तैयारी के बारे में चर्चा करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

### श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व पांच नवम्बर को

**करनाल।** सिख पंथ के आदि गुरु, पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व इस वर्ष करनाल स्थित गुरुद्वारा डेरा कार सेवा में पूरे श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा सुक्खा सिंह के सहयोग से तीन नवम्बर को नगर कीर्तन और पांच नवम्बर को गुरुमति समागम का आयोजन किया जाएगा। कमेटी के प्रधान स. वरिंदर सिंह और महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने बताया कि आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी समितियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री को भी इस आयोजन में आमंत्रित किया गया है। नगर कीर्तन तीन नवम्बर को प्रातः 10:30 बजे गुरुद्वारा डेरा कार सेवा और गुरुद्वारा मंजी साहिब पहली पातशाही से प्रारंभ होकर कर्ण गेट, कमेटी चौक, दावत होटल रोड, अस्पताल चौक, कुंजपुरा रोड और सब्जी मंडी रोड होते हुए पुनः डेरा कार सेवा पहुंचेगा।

# सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत हजारों लोगों ने किए हस्ताक्षर

- एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का कैंपेन, विधायक जगमोहन आनंद रहे मुख्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सदस्य और विधायक भगवानदास कबीर पंथी। फोटो: हरिभूमि

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के आह्वान पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सेक्टर-12 जिला सचिवालय के सामने जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नैशनल चीफ सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक करनाल जगमोहन आनंद ने अभियान का शुभारंभ करते हुए पहला हस्ताक्षर किया। उन्होंने कहा कि "भ्रष्टाचार उन्मूलन में जनभागीदारी ही सबसे बड़ी शक्ति है।" सेंट्रल विजिलेंस कमीशन द्वारा इस वर्ष "सतर्कता हमारी सांझा जिम्मेदारी है" विषय पर आयोजित सप्ताह को उन्होंने प्रेरणादायक बताया। अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हजारों नागरिकों ने अपने हस्ताक्षर किए और सत्यनिष्ठा की शपथ ली। नरेंद्र अरोड़ा ने बताया कि फाउंडेशन पिछले आठ वर्षों से कानूनी रूप से भ्रष्टाचार उन्मूलन की दिशा में कार्य कर रहा है।

### पीजीआईएमएस रोहतक के कर्मचारियों का धरना जारी

**करनाल।** पीजीआईएमएस रोहतक में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार से अपनी लंबित मांगों के समाधान की गुहार लगाई है। कर्मचारियों का कहना है कि सितंबर 2021 में बनी हरियाणा कौशल रोजगार निगम पॉलिसी के तहत उन्हें भी निगम पोर्टल पर शामिल किया जाए, लेकिन अब तक उनकी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन के बैनर तले कर्मचारी तीन अक्तूबर से धरने पर बैठे हैं।

# हरियाणा दिवस पर एक से तीन नवंबर तक होंगी सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं

- यवनिका गार्डन में हरियाणवी लोक गीत/रागनी तथा लोक नृत्य समूह प्रतियोगिताएं होंगी, आवेदन की अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवंबर को पंचकूला में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 1 से 3 नवंबर तक सेक्टर-5 स्थित यवनिका गार्डन में हरियाणवी लोक गीत/रागनी तथा लोक नृत्य समूह प्रतियोगिताएं होंगी। इच्छुक प्रतिभागी 30 अक्तूबर तक विभाग की वेबसाइट या दिए गए गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी मनोज कौशिक ने बताया कि विजेताओं को प्रथम पुरस्कार एक लाख, द्वितीय 75 हजार और तृतीय पुरस्कार 50 हजार रुपये नकद व प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में फिल्मी गीतों की अनुमति नहीं होगी। मंच स्थापना व तैयारी के लिए अधिकतम 10 मिनट का समय दिया जाएगा। प्रस्तुति हरियाणवी बोली में लोकधुन पर आधारित होनी चाहिए। लोकनृत्य में अधिकतम 10 प्रतिभागी और 5 संगतकार, जबकि रागनी प्रस्तुति में एकल गायक के साथ अधिकतम 5 संगतकार होंगे।



करनाल। चिड़ाव गांव का दौरा करते हरियाणा तालाब प्राधिकरण की तकनीकी समिति के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### हरियाणा तालाब प्राधिकरण की टीम ने किया निरीक्षण

**करनाल।** हरियाणा तालाब प्राधिकरण की तकनीकी समिति के सदस्य एवं पंचायती राज विभाग के मुख्य अभियंता यशवीर पंवार ने बुधवार को करनाल के चिड़ाव गांव का दौरा किया। उन्होंने वहां बनाए गए तालाब और ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनुपालना में यह तालाब और ट्रीटमेंट सिस्टम तैयार किया गया है, जो जल संरक्षण और सिंचाई दोनों के लिए उपयोगी है। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया। निरीक्षण दल में तकनीकी सदस्य एस.के. सहगल, आर.के. सांगवान, मेहरचंद, एक्सईएन पंचायती राज परमिंद्र सैनी, प्रदीप धीमान, आशुतोष, सरपंच प्रतिनिधि अमित नरवाल सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्री राम मंदिर में कार्तिक कथा

# कथा से पूर्व प्रभात फेरी में उमड़ा आस्था और भक्ति का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में कार्तिक माह के उपलक्ष्य में चल रही कथा के दौरान भक्तिभाव से भरा माहौल देखने को मिला। पंडित हरीश आचार्य ने कथा में कहा कि कार्तिक मास दान, पुण्य और प्रभु भक्ति का महीना है। इस माह में प्रभु सिमरन से जीवन के कष्ट मिट जाते हैं और दीपदान से पुण्य की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में मुख्य यजमान चंद्र प्रकाश, मधु मदान और चेतना मदान रहे। सुबह हवन यज्ञ के बाद प्रभात फेरी का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया। फेरी का स्वागत पूरे सेक्टर-8 क्षेत्र में किया गया। भजन संध्या में अनु खट्टर, सुशील मदान, वीना सेठ, सुनीता कथूरिया और श्याम अरोड़ा ने सुंदर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर गीता भाटिया, प्रधान रविंद्र तनेजा, संदीप तनेजा, वेद दुआ आदि शामिल हुए।

### अमेरिका से 50 युवाओं की वापसी पर जताई चिंता



**करनाल।** हरियाणा से अमेरिका रोजगार की तलाश में गए 50 युवाओं की निराश होकर वापसी पर कांग्रेस नेता पराग गाबा, अध्यक्ष, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (शहरी) ने कहा कि यह प्रदेश की बेरोज़गारी और सरकार की विफल नीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह दुखद स्थिति है कि मेहनती और योग्य युवा अपने सपनों को साकार करने के लिए विदेश जा रहे हैं, लेकिन रोजगार के अवसर न मिलने के कारण उन्हें लौटना पड़ रहा है। पराग गाबा ने कहा कि भाजपा सरकार "डबल इंजन विकास" की झूठी कहानी सुनाकर युवाओं को भ्रमित कर रही है, जबकि हकीकत यह है कि प्रदेश में बेरोज़गारी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और इन युवाओं तथा उनके परिवारों को आर्थिक और मानसिक सहायता प्रदान की जाए।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर लगने से छह लोग घायल

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था के पास रोहतक हाईवे पर बुधवार की सुबह ट्रक की टक्कर लगे से कार सवार गांव अहर निवासी आयुष, सागर, पंकज गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर, जबकि गांव अहर निवासी मौसम खैंची संतुलन बिगडने के कारण सड़क पर गिर कर घायल हो गया। इधर, गांव नौल्था निवासी संदीप और रिंकू हादसे में घायल हो गए। दोनों को एनसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### पानीपत में हादसे में दो कार क्षतिग्रस्त

**पानीपत।** पानीपत सिटी में जीटी रोड पर गुरु तेग बहादुर द्वार के पास दो कारें आमने-सामने टकरा गईं। हादसा उस समय हुआ जब एक कार चालक वाहन को मोड़ने की कोशिश कर रहा था और सामने से आ रही दूसरी कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कारों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और एयरबैग खुल गए। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### नांदेड़ तक स्पेशल ट्रेन शुरू

**पानीपत।** पानीपत में दिवाली और छठ पर्व के बाद अब यात्रियों की वापसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने पानीपत जंक्शन से नांदेड़ जंक्शन तक स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया है। यह ट्रेन बुधवार 29 अक्टूबर से एक सप्ताह तक चलेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि त्योहारी सीजन के बाद कामकाजी लोग अब वापस अपने कार्यस्थलों पर लौट रहे हैं। इसके चलते ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। नई ट्रेन चलने से यात्रियों को सुविधा होगी। न्यौहार को देखते हुए यात्रियों को सुविधा का ध्यान रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

## साधनहीन बच्चों को शिक्षित होने में सहयोग देगा श्री शीतल दास जैन फाऊंडेशन

# वैदिक धर्म में शिक्षा व संस्कार ही सर्वोपरि है: रणदीप आर्य

वर्तमान में फाउंडेशन की ओर से 1240 बच्चों की आर्थिक सहायता की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य बाल भारती विद्यालय के सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वहीं, श्री शीतल दास जैन फाऊंडेशन और विद्यालय प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में इस प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि फाउंडेशन के ट्रस्टी कपिल जैन रहे। जबकि पूर्व प्राचार्य टीपी गोयल, ऋतु जैन व रवि स्वामी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य, नरेश, वैशाली, ओम दत्त आर्य, उप प्राचार्य जगदीश चहल व आशीष कुमार कार्यक्रम के विशेष अतिथि रहे।



आर्य बाल भारती स्कूल में अतिथियों के साथ मंचासीन रणदीप आर्य आदि।

समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने की। इधर, कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग की वंशिका, शिवेन सहित लगभग 10 विद्यार्थियों ने वक्ताओं से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि इच्छुक विद्यालयों में विश्व स्तरीय परामर्शदाता लगाए जाएंगे जिनका वेतन फाउंडेशन द्वारा वहन किया जाएगा ताकि 10वीं और 12वीं के बच्चे आगामी शिक्षा ग्रहण करने की योजना बना सकें। इधर, ट्रस्टी कपिल जैन ने कहा कि शिक्षा ही इंसान की तरक्की की राह है। वहीं, शीतल दास जैन फाउंडेशन अपने अपने पूर्वजों के बताएं रास्ते पर चलते हुए भारत को पुनः शिक्षा के क्षेत्र में जगतगुरु का दर्जा दिलवाने के लिए साधनहीन परिवारों के विद्यार्थियों की हर प्रकार की आर्थिक सहायता और सहयोग करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में फाउंडेशन की ओर से 1240 बच्चों की आर्थिक सहायता की जा रही है। इधर, स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि वैदिक धर्म में शिक्षा और संस्कारों को सर्वोपरि माना गया है। इसके मद्देनजर विद्यार्थी सामान्य शिक्षा व वैदिक संस्कारों के साथ-साथ रोजगारपरक आधुनिक शिक्षा ग्रहण करें। वहीं, स्कूल प्रबंधन भी साधनहीन परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चों को शिक्षित होने में हर संभव सहयोग देता है।

# धार्मिक व वैज्ञानिक दृष्टि से मानव के लिए लाभदायक है यज्ञ

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में 52 कुंडीय वैदिक यज्ञ आयोजित




**पानीपत।** डीएवी स्कूल में वैदिक यज्ञ करने वाले विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल परिसर, पानीपत में "वैदिक संस्कार पुण्यमास" में आर्य समाज के युवा पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत महात्मा आनंद स्वामी के प्रपौत्र आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के 52वें जन्मदिवस पर 52 कुंडीय वैदिक यज्ञ का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा ने विद्यार्थियों को वैदिक संस्कारों, अनुशासन, त्याग एवं सेवा की भावना और प्रेरणादायक अभिव्यक्ति से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस पुण्यमास में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई ताकि बच्चे वेदों की ओर लौटें। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं वैज्ञानिक दृष्टि से यज्ञ हमारे लिए लाभदायक है। यज्ञ, इंसान को आत्मशुद्धि, समाजशुद्धि और राष्ट्रशुद्धि का संदेश देता है। यज्ञ से आत्म कल्याण के साथ-साथ समाज का कल्याण भी होता है।

### सैनिक स्कूल ने आवेदन मांगें

**पानीपत।** सैनिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी व नौवीं में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी जिसके लिए इच्छुक उम्मीदवार स्कूल की वेबसाइट एचटीटीपीएस://इग्जामसडॉटएनटीएडॉटएन आईसीडॉटइन/सैनिक-स्कूल-सोसाइटी/ पर 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। प्रधानाचार्य गुरबीर सिंह ने बताया कि परीक्षा की विवरणिका वेगसाइट पर उपलब्ध है।

# मानवता का सच्चा सेवक है रक्तदाता : शर्मा

■ सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत रक्तदान कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में सर्कल कार्यालय में बुधवार को सर्किल कार्यालय की और से एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाजसेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। शिविर का आयोजन सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी थीम के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य न केवल ईमानदारी और



रक्तदाताओं का सम्मानित करते हुए मुख्य प्रबंधक प्रवेश शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

पारदर्शिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, बल्कि मानवता के प्रति संवेदनशीलता को भी प्रोत्साहित करना था। शिविर में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने रक्तदान किया और दूसरों को भी इस नेक कार्य में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक दान किया गया रक्त का यूनिट किसी ज़रूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचा सकता है। मुख्य प्रबंधक प्रवेश शर्मा ने सभी कर्मचारियों को इस पहल में सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि यह मानवता की सच्ची सेवा है। ऐसे आयोजनों से संगठन और समाज दोनों में जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता की भावना मजबूत होती है। यह शिविर न केवल सतर्कता और ईमानदारी के संदेश को प्रसारित करता है, बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी को भी सशक्त बनाता है।

# विद्यार्थियों को शीतकालीन किट भेंट की

■ गीता कुटीर संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वेटर व चव्यनप्राश दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



श्री दुर्गा पाठी चेरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारीगण छात्राओं को शैक्षिक किट बांटते हुए।

श्री दुर्गा पाठी चेरीटेबल ट्रस्ट पानीपत का 58वें वार्षिक उत्सव पर अनेक परोपकारी गतिविधियों को श्री गीता कुटीर तपोवन हरिद्वार में आयोजित हुआ। ट्रस्ट की मुख्य गतिविधि वंचित बालिकाओं को शिक्षित कर उन्हें आत्म निर्भर बनाना था। इधर, ट्रस्ट की ओर से एक हजार संतों को भोजन करवा कर चव्यनप्राश भेंट किया गया। जबकि अजरानन्द अंध विद्यालय के सौ दृष्टिहीन विद्यार्थियों को विषेश शीतकालीन किट भेंट की गई। गीता कुटीर संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वेटर व चव्यनप्राश दिया गया। वंचित समाज की बालिकाओं को स्कूल बैग, लंच बाक्स, पानी की बोतल, च्वयनप्राश व शैक्षणिक सामग्री भेंज की गई। जबकि डॉ.सम्राट ने मेदांता अस्पताल गुरूग्राम से सात सदसीय टीम को हरिद्वार लाकर गीता कुटीर में चार सौ मरीजों के लिए निःशुल्क दवाइयां वितरित की। इस अवसर पर ट्रस्ट के आयोजक चंद्र शेखर शर्मा, राजेश त्रिखा, अनिल त्रिखा, विमल त्रिखा, सुनील थम्मन, चेयरमैन शीला त्रिखा, सुनीता, कोषाध्यक्ष गिरिजा, महासचिव मीनाक्षी, प्रबन्धक डॉ.सम्राट, पप्पू सचदेवा, सुनील ग्रोवर, राधेश्याम नासा, डा.अनुपम अरोड़ा, शमा थम्मन, भव्या त्रिखा, पावन त्रिखा, अर्पित थम्मन आदि उपस्थित रहे।

# प्रेम का संदेश दे रहा निरंकारी मिशन

■ पानीपत के भोडवालमाजरी गांव में निरंकारी के संत समागम का शुभारंभ 31 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ !समालखा

जहां एक ओर आज की दुनिया जाति, धर्म, भाषा और विचारों की सीमाओं में उलझी हुई प्रतीत होती है, वहीं दूसरी ओर संत निरंकारी मिशन समरसता, प्रेम और मानवता की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर सक्रिय है। सतगुरु माता सुदीक्षा के पावन सान्निध्य में निरंकारी मिशन का 78 वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से तीन नवम्बर तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा,




**पानीपत।** संत निरंकारी मिशन समरसता की जानकारी देते हुए स्वयंसेवीगण। फोटो : हरिभूमि

पानीपत में होगा। इस वर्ष समागम की मूल प्रेरणा 'आत्ममंथन' है, जो आत्मचिंतन एवं आंतरिक जागरूकता को प्रेरित करने वाली एक सकारात्मक पहल के रूप में उभरेगी। वहीं, निरंकारी समागम कमेटी के कॉर्डिनेटर जोगिंद्र सुखीजा ने समागम स्थल पर लंगर, कैंटीन, शौचालय, यातायात, चिकित्सा, एम्बुलेंस, पार्किंग, सुरक्षा व रहने आदि की विस्तृत व्यवस्थाओं की जानकारी दी और बताया कि समागम स्थल पर एक लाख सेवादार पूरी निष्ठा और सेवा-भावना से कार्य कर रहे है।

# बैंड पर देशभक्ति की धुन बजा कर शहीदों को नमन किया और श्रद्धांजलि दी

■ शहीदों की शहादत सर्वोपरि है जिसे देश कभी नहीं भूला सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

शहीदों की याद में पुलिस विभाग, शहीदी स्मृति दिवस सप्ताह मना रहा है। वहीं बुधवार को जिला सचिवालय परिसर में व पुराना बस अड्डा के सामने आयोजित किए गए कार्यक्रम में हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के बैंड द्वारा देश भक्ति की शानदार धुन बजाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। डीएसपी सतीश वत्स ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि शहीद जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है। ऐसे अमर शहीदों



जिला सचिवालय में शहीदों की याद में देशभक्ति की धुन बजाते हुए पुलिस बैंड।

की गौरव गाथा हमारी युवा शक्ति में पूरे उमंग के साथ देशभक्ति का जज्बा पैदा करती है। अमर शहीदों के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

शहीदों की शहादत सर्वोपरि है जिसे देश कभी नहीं भूला सकता। कार्यक्रम में पुलिस बैंड ने देशभक्ति की धुन से मौजूद लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। इस अवसर पर थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर दीवान सिंह, फोटो ग्राफर सब इंस्पेक्टर सुशील, ईएएसआई जयभगवान और काफी संख्या में मौजिज व्यक्ति, पुलिसकर्मी व राहगीर मौजूद रहें।

### हरियाणा दिवस की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा दिवस के उपलक्ष में जिले भर में स्कूल, कॉलेजो में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें विजेता विद्यार्थियों को एक नवंबर को जिला सचिवालय सभागार में नगद परितोषित वितरित किए जाएंगे। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया दहिया ने बताया कि हरियाणा दिवस हमारे प्रदेश की गौरवशाली पहचान और विकास यात्रा का प्रतीक है। वहीं, हरियाणा दिवस की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस आयोजन के लिए डीपीआरओ सुनील बसताडा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# विद्यार्थियों को सृजनात्मक बनाती हैं प्रतियोगिताएं

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए ऑटोबायोग्राफिकल बुक कवर डिजाइन कम्पीटीशन करवाया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, साहित्यिक अभिरुचि और आत्मकथात्मक लेखन की समझ को विकसित करना था। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि एक पुस्तक कवर इस प्रकार होना चाहिए कि वह पुस्तक के अंदर की



कहानी बताए तथा उसकी अवधारणा या थीम को ड़िज़ाइन में कैद करे। एक उत्तम बुक कवर अन्य पुस्तकों के बीच अलग दिखने और आसानी से पहचाने जाने के लिए एक विशिष्ट शैली धारण किए हुए होना चाहिए। अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां न केवल विद्यार्थियों की सृजनात्मकता को बढ़ावा देती हैं बल्कि बच्चों को आत्मनिरीक्षण में भी सहायता करती हैं। वहीं, प्रतियोगिता में नितिन वर्मा प्रथम, मानवी द्वितीय, मेघा तृतीय रही।

### बालाजी भक्त संदीप ने तपस्या शुरू की

**समालखा।** समालखा में लाइनपार हनुमान कॉलोनी समालखा के बालाजी दरबार में भगत संदीप पुनिया 11 दिन की खड़ी तपस्या कर रहे हैं। जिसके



तहत बिना बैठे और बिना लेटें लगातार खड़े रहकर भजन करना होता है। भगत जी की यह तपस्या कार्तिक पंचमी से शुरू होकर पूर्णिमा तक चलेगी। पूर्णिमा पांच नवंबर को तपस्या पूर्ण होने पर भंडारा भी किया जाएगा। बता दें कि भगत जी हर साल तीन से चार तपस्याएं करते हैं। जिसमें सर्दियों में शीत जलधारा, गर्मियों में धुनों के बीच तपना, मौन व्रत और खड़ी तपस्या आदि शामिल हैं। इससे अलग भी समय-समय पर जागरण.कीर्तन, चालीसा और भंडारे किए जाते हैं।

### इंसान के लिए घातक है नशा

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि नशा पूरे समाज का दुश्मन है, इसे जड़ से खत्म करना हम सबकी जिम्मेदारी है। वे बुधवार को जिला सचिवालय में जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अब तक की कार्यवाही की समीक्षा भी की गई। वहीं,प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले दवा विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि रेडक्रॉस और बाल भवन के माध्यम से नशा मुक्ति के पोस्टर, विज्ञापन और जागरूकता अभियान चलाए जाएं।

*पानीपत को जाम मुक्त व सुरक्षित बना रही है पुलिस, दुर्घटना संभावित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं*

# सड़क सुरक्षा व स्वच्छ मार्ग प्रशासन की प्राथमिकता

*ऑटो रिक्शा स्टैंड, जल निकासी जैसी व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठा ने की मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के जिला सचिवालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति और सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 25 सूत्रीय एजेंडा पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को और सुदृढ़ बनाने के लिए कई अहम



**पानीपत।** पानीपत जिला सचिवालय में बैठक करते हुए प्रशासनिक व पुलिस अफसर। फोटो :हरिभूमि

निर्णय लिए। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि दुर्घटनाओं में कमी लाना, सड़कों को दुरुस्त रखना और स्वच्छ मार्ग बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टूटी हुई सड़कों की तुरंत मरम्मत कराई जाए और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। डॉ. दहिया ने कहा कि ऑटो रिक्शा स्टैंड, जल निकासी जैसी व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट में कैमरे लगाए जाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई है ताकि रात के समय भी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। चौटाला रोड पर स्पीड लिमिट साइन बोर्ड लगाने, गाजबढ़ गांव के सामने बने फुट ब्रिज के नीचे दोनों तरफ कैमरे लगाने और बाबरपुर मंडी फ्लाईओवर पर निगरानी कैमरे स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, एनएच-44 पर वाइडनिंग (चौड़ीकरण) का कार्य शीघ्र पूरा करने और सिवाह नहर के पास रेलिंग लगाने के भी निर्देश दिए। डॉ. दहिया ने मलिक पेट्रोल पंप से महाराजा अग्रसेन चौक सेक्टर-25 तक की सड़क की मरम्मत करने और कुराड गांव मार्ग को एक सप्ताह के भीतर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में ढींडार गांव से आईओसीएल तक सडक़ निर्माण के निर्देश भी दिए गए। डॉ. दहिया ने जिले में चल रही सभी बसों की जांच कराने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक बस चालक के आई-कार्ड जारी हों और स्कूल बसों की फिटनेस व सुरक्षा मानकों की नियमित जांच की जाए। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि शहर की कानून-व्यवस्था को मजबूत रखना, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना और शहर को जाम मुक्त बनाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### जीआरपी को रेलवे स्टेशन पर मिले तीन बच्चें

■ बच्चों को उनके मकान मालिक धीरेंद्र को सौंप दिया

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को जांच के दौरान तीन बच्चे लावारिश हालत में घुमते मिले। जीआरपी की पूछताछ में बच्चे घबराए हुए मिले और अपने घर या परिजनों के बारे में ठीक से कुछ बता नहीं पा रहे थे। जीआरपी प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि जीआरपी ने बच्चों को सामान्य होने दिया और महिला कांस्टेबल अंजूवाला व सुनीता ने तीनों का दुलार किया तो बच्चों ने उन्हें बताया कि वह खेल खेल में स्टेशन पर चले आए और उनका निवासी महावीर कालोनी में है। जीआरपी ने तीनों बच्चों की शिनाख्त अभि, रोमा व रामकुमार के रूप में हुई, तीनों मजदूर परिवार से है जीआरपी ने तीनों बच्चों को उनके मकान मालिक धीरेंद्र को सौंप दिया।

# प्रशासन ने आशंकित बाल विवाह रुकवाया

## मौके पर पुलिस टीम को भेजा गया

■ लड़की व दुल्हा पक्ष से बाल विवाह नहीं करने को शपथ पत्र दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव धनसौली में एक ना बा लि ग लड़की का विवाह किए जाने की आशंका है। वहीं, सूचना मिलते ही बाल विवाह निषेध अ धि का री रजनी गुप्ता द्वारा संबंधित थाना प्रबंधक को सूचित कर मौके पर पुलिस टीम को भिजवाया। वहीं, पुलिस ने लड़की पक्ष को प्रोटेक्शन एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी के कार्यालय में पेश किया। इधर, प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि विवाह की कोई प्रत्यक्ष तैयारी तो नहीं दिखाई दी, किंतु लड़की के हाथों में मेहंदी लगी हुई थी, जिससे विवाह की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। परिवार मूल रूप से बिहार का निवासी है और वहीं बच्ची का जन्म हुआ था, परंतु परिवार के पास उसकी आयु प्रमाणित करने के लिए कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। वहीं, लड़की का विवाह उसकी उम्र का प्रमाण पत्र देने के बाद ही आयोजित होगा। फिलहाल, लड़की के भाई और लड़के दोनों ने विवाह न करने के संबंध में अपने शपथ पत्र प्रस्तुत किए हैं।

## खबर संक्षेप

### अंबाला छावनी में चोरी के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज सोना-चांदी जेवरात व नकद राशि चोरी करने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी रोहन उर्फ कुल्ली को गिरफ्तार किया है। कच्चा बाजार के आशीष कुमार ने 26 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि परिवार के सदस्य घर से बाहर थे। घर आकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। किसी व्यक्ति ने उसके घर में घुसकर अलमारी से सोना-चांदी जेवरात व नकद राशि चोरी की है।

### चोरी के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी पंकज कुमार को गिरफ्तार किया है। स्टाफ रोड के रहने वाले भूपिंद्र कुमार ने 27 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 अक्तूबर 2025 को आरोपी पंकज कुमार व अन्य ने राय मार्केट से उसके ई-रिक्शा की पुरानी बैटरी चोरी की है।

### अंबाला सदर में दर्ज चोरी मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी दीपक को गिरफ्तार किया है। शालीमार कॉलोनी के अविनाश ने 28 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी दीपक ने उसके एचपी पेट्रोल पंप सेक्टर-8 रतनगढ़ से जैक्क, टोंटियां व अन्य सामान चोरी किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सूरज को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। नारायणगढ़ झुंगियां गांव के रहने वाले शम्मी कुमार ने 15 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 सितंबर 2025 को जसकीरत पार्किंग के बाहर से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है।

## एयरफोर्स स्टेशन पर राष्ट्रपति का पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने किया स्वागत

# राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरना अविस्मरणीय अनुभवः द्रौपदी मुर्मू

- राफेल विमान की पहली उड़ान ने राष्ट्र की रक्षा क्षमताओं के प्रति गर्व की नई भावना पैदा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को अंबाला में स्थित वायुसेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी और इसे अविस्मरणीय अनुभव बताते हुए कहा कि इससे उनके अंदर देश की रक्षा क्षमताओं के प्रति गर्व की एक नयी भावना जगी है। मुर्मू दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति बन गई हैं। अप्रैल 2023 में, सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर मुर्मू ने असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। राफेल विमान में सवार होने से पहले राष्ट्रपति ने 'जी-सूट' पहना था। हाथ में हेलमेट लिए और धूप का चश्मा लगाए मुर्मू ने एयर चीफ मार्शल और वायुसेना के कुछ अधिकारियों के साथ फोटो खिंचवाईं। पूर्वाह्न 11 बजकर 27 मिनट पर विमान के उड़ान भरने से पहले राष्ट्रपति ने विमान के अंदर से हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

- ऊर्जा मंत्री अनिल विज सहित अन्य लोगों ने राष्ट्रपति के साथ समूह चित्र भी खिंचवाया

### राष्ट्रपति मुर्मू संग स्कवॉड्रन लीडर शिवांगी आई नजर

अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लड़ाकू विमान में उड़ान भरने के दौरान उनके साथ स्क्वॉड्रन लीडर शिवांगी सिंह भी नजर आई। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने शिवांगी को पकड़ने का झूठा दावा किया था। पाकि मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया था कि शिवांगी युद्धबंदी है। उनका लड़ाकू विमान ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मार गिराया गया। हालांकि बाद में पाक का यह दावा पूरी तरह से झूठा निकला। शिवांगी यूपी के वाराणसी की रहने वाली हैं। राष्ट्रपति जिस राफेल में बैठी थीं उसे ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी ने उड़ाया। राष्ट्रपति के राफेल के पीछे एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने दूसरे एयरक्राफ्ट से उन्हें एस्कॉर्ट किया।



राफेल विमान में सवार होने से पहले राष्ट्रपति ने 'जी-सूट' पहना था। हाथ में हेलमेट लिए और धूप का चश्मा लगाए मुर्मू ने एयर चीफ मार्शल और वायुसेना के कुछ अधिकारियों के साथ फोटो खिंचवाईं।

### राष्ट्रपति ने अतिथि पुस्तिका में अपने विचार लिखे

उड़ान के पश्चात राष्ट्रपति ने अतिथि पुस्तिका में अपने विचार दर्ज करते हुए लिखा "भारतीय वायुसेना के राफेल विमान पर अपनी पहली उड़ान के लिए वायुसेना स्टेशन अंबाला आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई। राफेल पर उड़ान मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव है। इस प्रबल विमान पर उड़ान ने मुझमें राष्ट्र की रक्षा क्षमताओं के प्रति गर्व और विश्वास की नई भावना भर दी है। मैं भारतीय वायुसेना और अंबाला स्टेशन की पूरी टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देती हूँ।"

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर वायुसेना के उच्च अधिकारियों के अलावा अंबाला मंडलायुक्त संजीव वर्मा, आईजी अबाला रेंज पंकज नैन, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती, नगराधीश अभिषेक गर्ग, तहसीलदार प्रियंका के साथ-साथ वायुसेना के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



### विज ने किया अभिनंदन

अंबाला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बुधवार को अंबाला वायुसेना स्टेशन आगमन पर परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। ऊर्जा मंत्री अनिल विज से संक्षिप्त भेंट के उपरांत राष्ट्रपति मुर्मू ने अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से देश के अत्याधुनिक चौथी पीढ़ी के बहुउद्देश्यीय राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। उल्लेखनीय है कि अंबाला वायुसेना स्टेशन भारत का पहला ऐसा बेस है, जहाँ फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन कंपनी से राफेल विमानों की पहली खेप पहुंची थी, जिससे भारतीय वायुसेना की सामरिक क्षमता में ऐतिहासिक वृद्धि हुई। कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज सहित उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रपति के साथ समूह चित्र भी खिंचवाया।राष्ट्रपति के साथ समूह चित्र भी खिंचवाया। इस दौरान सभी में उत्साह का माहौल देखने को मिला।




### निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित



### 220 छात्रों के दांतों की चिकित्सकों ने की जांच

**बराड़ा।** रोटरी क्लब ने मानव स्वास्थ्य के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को निभाते हुए सेरेनिटी इंटरनेशनल स्कूल में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में डॉक्टरों की टीम ने लगभग 220 विद्यार्थियों के दांतों की जांच की। उन्हें मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. साइमा अली के नेतृत्व में आई मेडिकल टीम ने बच्चों को दांतों की सही सफाई, ब्रश करने की तकनीक और खान-पान से जुड़ी सावधानियों के बारे में उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से ब्रश करना और मीठी चीजों का सीमित सेवन करना दांतों को स्वस्थ रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने कहा कि "मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है" और क्लब समाज हित में निरंतर ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। विद्यालय प्रबंधक साहिल शर्मा ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के साथ-साथ उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं ताकि विद्यार्थी स्वस्थ और जागरूक नागरिक बन सकें। इस अवसर पर रोटरी क्लब बराड़ा के सदस्य राजकुमार सांगवान, दिलप्रीत सिंह, पूर्ण चंद छाबड़ा, चिरंजीव सिंह, साहिल वर्मा, गुणविंदर सिंह, गुरदीप सिंह, निवेदिता भारद्वाज सहित विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## क्रिश्चयन समुदाय के प्रस्तावित कार्यक्रम के खिलाफ हिंदू संगठन, कार्यक्रम रद करवाने की मांग उठाई

- डीसी को ज्ञापन दे अंबाला शहर में तनाव की स्थिति का दावा
- समारोह में शामिल होने वाली महिला पास्टर की गतिविधियों पर पर भी उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

31 को प्रस्तावित एक धार्मिक कार्यक्रम को लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। अग्रवाल समाज, विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों ने इस कार्यक्रम पर आपत्ति जताते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

संगठनों का आरोप है कि कार्यक्रम में शामिल होने वाली पास्टर का नाम धर्मांतरण की गतिविधियों से जुड़ा है। इसमें हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। यह कार्यक्रम मिशन अस्पताल परिसर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसमें पास्टर कंचन मित्तल नाम की महिला भी शामिल होंगी। ज्ञापन में कहा गया है कि यह महिला धर्मांतरण से संबंधित गतिविधियों के लिए जानी जाती हैं। वह अपने नाम में मित्तल गोत्र का इस्तेमाल कर रही हैं जो कि अग्रवाल समाज के सम्मान से जुड़ा हुआ है। ज्ञापन में संगठनों ने लिखा है कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू धर्म छोड़कर अन्य मत अपना चुका है तो उसे महाराजा अग्रसेन द्वारा दिए गए गोत्र का प्रयोग करने का नैतिक या धार्मिक अधिकार नहीं है। इस तरह का कृत्य हिंदू समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को आघात पहुंचाने वाला है। अग्रवाल समाज और विश्व हिंदू परिषद ने कहा कि यदि इस कार्यक्रम को रोकने के लिए प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो अंबाला शहर में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उनका कहना है कि "इस कार्यक्रम से शहर का सौहार्द बिगड़ सकता है और हिंदू समाज में आक्रोश फैल सकता है। संगठनों ने उपायुक्त से मांग की है कि कार्यक्रम को तुरंत रद करवाया जाए और ऐसी किसी भी गतिविधि को भविष्य में अंबाला शहर की सीमा में न होने दिया जाए, जो धर्मांतरण को बढ़ावा देती हो या किसी धर्म विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाती हो।

### पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किए

ज्ञापन पर विश्व हिंदू परिषद, अग्रवाल सभा अंबाला शहर, अग्रवाल संघ, वैश्य अग्रवाल समाज और सनातन टास्क फोर्स के पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किए हैं। संगठनों का कहना है कि उनका उद्देश्य शहर में भाईचारे और शांति बनाए रखना है, लेकिन यदि किसी संस्था या व्यक्ति द्वारा धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ किया गया तो वे इसका लोकतांत्रिक विरोध करेंगे।

## हरियाणा दिवस पर छात्र हरियाणवी नृत्य पर दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

- वीसी के जरिए मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बुधवार को वीसी के माध्यम से सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के तहत रन फॉर यूनिटी, हरियाणा दिवस के साथ-साथ गीता जयंती महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा के बारे में जानकारी ली।

इस मौके पर उनके साथ प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव अमित अग्रवाल और महानिदेशक केएम पांडुरंग ने भी प्रदेशभर में होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में जानकारी सांझा की। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि सरकार द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी हरियाणा दिवस को पूरे उमंग, उल्लास और उत्साह के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। एक नवंबर को हरियाणा दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्यता और गरिमामयी ढंग से आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणवी लोक कलाओं पर आधारित शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उन्होंने बताया कि 31 अक्तूबर को जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रन फोर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। तोमर ने अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।




- रन फॉर यूनिटी के साथ गीता जयंती समारोह के आयोजन को लेकर भी तैयारियों की समीक्षा की

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, डीएसपी विजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, एडीआईओ शुभम जोधा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हांडी खेड़ा के ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनी फैक्ट्री, जहरीले धुएं से सब परेशान

### ग्रामीणों का आरोप, फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं से इंसानों के साथ जानवरों की सेहत को हो रहा है नुकसान



**शहजादपुर।** गांव हांडी खेड़ा निवासी गांव के नजदीक स्थित एक फैक्ट्री के कचरे से फैलने वाले जहरीले धुंए से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों ने सरपंच से इस धुंए से निजात दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के नजदीक लगी एक फैक्ट्री जोकि पीवीसी से संबंधित समान तैयार करती है। फैक्ट्री के कर्मचारियों द्वारा फैक्ट्री के कचरे को खुले डालकर उसमें आग लगाई जाती है जिसके कारण उस प्लास्टिक से जहरीला धुंआ निकलता है जोकि ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इस धुंए से जहां वायु प्रदूषण होता है वहीं यह धुआं उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यह धुआं मनुष्यों को ही नहीं बल्कि पशु पक्षियों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीणों ने उन्हे इस धुंए से निजात दिलाने की मांग की है। गांव की सरपंच राजिंद्र कौर ने बताया कि गांव के नजदीक लगी फैक्ट्री के कचरे में फैक्ट्री के कर्मचारियों द्वारा आग लगाने के कारण निकलने वाले धुंए से ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि वे ग्रामीणों की समस्या को एसडीएम,बीडीपीओ सहित अन्य अधिकारियों के संज्ञान में लाकर इस समस्या का समाधान करवाया जाएगा।



सरपंच राजिंद्र कौर।

## इंडियन आइडल में अभिजीत शर्मा ने हासिल किया गोल्ड टिकट

अंबाला। 17 वर्षीय अभिजीत शर्मा ने इंडियन आइडल के 16वें सीजन का गोल्ड टिकट हासिल कर मेन राउंड में जगह बना ली है। ऑडिशन राउंड में अभिजीत ने वो जब याद आए, बहुत याद आए गाया तो उनकी सुरीली आवाज पर शो की जज सिंगर श्रेया घोषाल बहुत प्रभावित हुईं। शो को विशाल ददलानी और रेपर बादशाह भी जज कर रहे हैं। अभिजीत अभी तक इंडियन आइडल के सभी सीजन में शामिल हुए सबसे कम उम्र के हरियाणवीं हैं। इससे पहले 10वां सीजन नूंह के सलमान अली ने जीता था।



- मुख्य राउंड में मिली जगह

अभिजीत का संगीत सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। जब वह महज साढ़े तीन साल के थे, तभी उनके भीतर की संगीत की लय उभरने लगी थी। केजी क्लास में वह दोस्त को गाना सुना रहे थे, तभी टीचर वहां पहुंच गईं। टीचर ने जैसे ही उनकी आवाज सुनी, वह दंग रह गईं। उन्होंने तुरंत अभिजीत के पिता राजीव शर्मा को फोन किया और कहा- आपका बच्चा बहुत खूबसूरत गाता है। इसे रोकना नहीं, बल्कि आगे बढ़ाया जाना चाहिए। पिता राजीव शर्मा ने बताया टीचर ने कहा था कि मैं समझाने नहीं, सिखाने के लिए फोन कर रही हूं। उसी दिन से अभिजीत के संगीत सफर की असली शुरुआत हुई। अंबाला कैंट के आलू गोदाम क्षेत्र के राजीव शर्मा साइंस कारोबारी हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**नई जिम्मेदारी** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी हुआ नियुक्ति पत्र

# एडवोकेट जैन अनुशासन कमेटी के सदस्य सचिव नियुक्त

### रोहित जैन चार बार डिस्टिक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में एक बार फिर संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन को अनुशासन समिति का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से जारी पत्र के माध्यम से की गई, जिस पर राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी मुहर लगाई है। इस पांच सदस्यीय अनुशासन समिति का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व विधायक धर्मपाल मलिक को सौंपा गया है, जबकि सदस्य के रूप में जगाधरी विधायक अकरम खान, कुरुक्षेत्र की पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, शाहाबाद के पूर्व विधायक अनिल धंतौड़ी तथा एडवोकेट रोहित जैन को सदस्य सचिव की भूमिका दी गई है। एडवोकेट रोहित जैन जो चार बार डिस्टिक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं। लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे न केवल प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और डेलीगेट रह चुके हैं, बल्कि विधानसभा चुनावों में मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्य के रूप में भी अपनी दृष्टि और योगदान दे चुके हैं।

इसके साथ साथ वह छात्र संघ के उपाध्यक्ष भी रहे है! अपने अनुभव, सौम्यता और संगठनात्मक अनुशासन के कारण उन्हें कांग्रेस नेतृत्व में सदैव एक विश्वसनीय व्यक्तित्व के रूप में देखा जाता है। जैन ने कहा कि, "पार्टी ने जो विश्वास मुझ पर जताया है वे उसे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। संगठन की मज़बूती और अनुशासन की परंपरा को बनाए रखना उनका प्रथम दायित्व होगा। गौरतलब है कि रोहित जैन का परिवार भी पीढ़ियों से कांग्रेस की विचारधारा और संगठनात्मक संस्कृति से गहराई से जुड़ा रहा है। उनकी माता किरणबाला जैन जो कांग्रेस की वरिष्ठ नेता हैं। 2000 में अंबाला शहर विधानसभा सीट से पार्टी की उम्मीदवार रह चुकी हैं। पिता सतीश कुमार जैन सात बार डिस्टिक बार एसो. प्रधान रह चुके हैं।



एडवोकेट रोहित जैन

- राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नियुक्ति पर लगाई मोहर